Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# एनडीए नहीं बिहार में एसआईआर बढ़त बनाए है, कहां से आ गए इतने वोट ?

## कांग्रेस नेता ने महागठबंधन की हार का ठीकरा चुनाव आयोग के सिर फोड़ा

पटना

बिहार में 243 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एनडीए को फिर से सत्ता की चाबी सौंपी है। चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक अभी तक की मतगणना में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभर रही है और आगे चल रही है। वहीं, आरजेडी महज 33 और कांग्रेस 5 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। इन आंकड़ों को देखें तो एनडीए गठबंधन बिहार में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की ओर अग्रसर है।

दूसरी तरफ कांग्रेस नेता उदित राज ने फिर महागठबंधन की हार का ठीकरा चुनाव आयोग के सिर पर फोड़ा है। हालांकि, इस बार उनके निशाने पर ईवीएम के बजाय एसआईआर है। उदित से जब पूछा गया कि बिहार में एनडीए को बढ़त मिल रही है, तो उन्होंने कहा कि एनडीए नहीं बिहार में एसआईआर बढ़त बनाए हुए है। मैं यह नहीं कहूंगा कि ये जीत बीजेपी और जेडीयू की है। यह चुनाव आयोग की जीत है, एसआईआर की जीत है।

उन्होंने कहा कि जब वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण हुआ, लिस्ट फाइनल हुई, उसके बाद भी लाखों-हजारों विसंगतियां बताई गईं, लेकिन चुनाव आयोग ने एक का भी जवाब नहीं दिया। जब आपत्तियां उठाई जा रही थीं, तो 89 लाख आपत्तियां सामने रखी गईं। उसके बाद भी चुनाव आयोग ने कहा कि कोई हमें शिकायत दे ही नहीं रहा है। जब इस हद तक बेईमानी पर उतर जाएं, तो क्या ही कहना। उदित राज ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की रैलियां बड़ी थीं, जबकि बीजेपी के नेताओं की रैलियों में कुर्सियां खाली थीं। ये वोट कहां से आ गए? जब आप विपक्ष के वोटों को काट देंगे तो क्या होगा? बहुत सारे लोग वोट डालने गए, डिजिटल पर्ची होने के बावजूद उन्हें वापस भेज दिया गया। बिहार में सीधे तौर पर बदलाव की बयार थी। कई जगहों पर तो बीजेपी के विधानसभा उम्मीदवारों को जनता ने भगाया। तो ये कैसे जीत रहे हैं? मुझे लगता है कि यह एसआईआर की जीत है।



बता दें बिहार में बीजेपी और जेडीयू के अलावा एनडीए में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 22 सीटों पर और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) को 4 सीटों पर बढ़त मिली हुई है। माना जा रहा है कि अगले एक घंटे में बिहार विधानसभा चुनाव की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।

# विस्फोट के बाद दिल्ली में सुरक्षा कड़ी, जगह-जगह हो रही गाड़ियों की चेकिंग




## आईजीआई एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी

नई दिल्ली

लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट और आईजीआई एयरपोर्ट पर बम की धमकी भरे मेल के बाद सीआईएसएफ के साथ मिलकर एयरपोर्ट पुलिस की टीम संयुक्त कार्रवाई कर रही है। एरोसिटी और यहां आने वाले रास्तों पर भी जगह-जगह बैरिकेडिंग करके जांच की जा रही है। कई जगह गाड़ियों को चेक भी किया जा रहा है। डॉग स्क्वॉड को विशेष रूप से जांच में इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे किसी भी संदिग्ध गाड़ी का पता लगाया जा सके। एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्रियों को एडवाइजरी जारी करके कहा गया है कि तीन घंटा पहले एयरपोर्ट पहुंचे। इसके अलावा मेट्रो यात्रियों को 20 मिनट पहले और रेल यात्रियों को एक घंटा पहले स्टेशन पहुंचने के लिए कहा है, जिससे सुरक्षा जांच में लगने वाले समय से यात्रियों को असुविधा न हो और वे सुरक्षा जांच से गुजरकर अपने अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

आईजीआई एयरपोर्ट के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग और पट्रोलिंग बढ़ाई गई है। दिल्ली पुलिस की सभी इकाइयां और सीआईएसएफ टीम सुरक्षा को लेकर काम कर रही है। गाड़ियों की सिक्योरिटी जांच सख्ती से की जा रही है। इनवर्टेड मिरर कैमरा का इस्तेमाल भी गाड़ियों की चेकिंग के लिए किया जा रहा है।

बता दें आईजीआई एयरपोर्ट से रोज 1500 से ज्यादा विमान उड़ान भरते हैं। लाखों लोग यहां से दूसरे शहरों के लिए सफर करते हैं। वर्ल्ड के टॉप 10 एयरपोर्ट में शामिल आईजीआई एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर एजेंसियां कोई कोताही बरतना नहीं चाहती हैं।

# हमें मिल रहा जनादेश, बिहार में फिर बनेगी एनडीए सरकारः जायसवाल

## एनडीए की जीत की खबर से बीजेपी-जेडीयू नेताओं का दफ्तर पहुंचना शुरू

पटना

बिहार चुनाव के शुरुआती रुझानों से 243 सीटों वाली विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। शुरुआती रुझानों में बीजेपी और जेडीयू के गठबंधन ने बढ़त बना रखी है। वहीं, आरजेडी और कांग्रेस के नेतृत्व वाला महागठबंधन पिछड़ता नजर आ रहा है। चुनावी रुझान एग्जिट पोल के उन आंकड़ों पर मुहर लगा रहे हैं, जिनमें एनडीए की जीत का अनुमान लगाया गया था। एनडीए को जीत की खबर से बीजेपी और जेडीयू नेताओं का दफ्तर पहुंचना शुरू हो गया है। अभी तक के रुझानों के मुताबिक, जेडीयू 76, बीजेपी 68 और आरजेडी 50 सीटों पर आगे चल रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी दफ्तर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि चुनावी रूझानों से साफ हो रहा है कि इस बार भी एनडीए को जनादेश मिल रहा है। बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने जा रही है। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एनडीए के नेताओं ने बहुत मेहनत की है, चाहे वह नीतीश कुमार हों, चिराग पासवान हों, जीतन राम मांझी हों, उपेंद्र कुशवाहा हों। हमने 2025, फिर से नीतीश के नारे के साथ नीतीश कुमार के चेहरे पर चुनाव लड़ा था। वहीं, जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि नतीजे बिल्कुल वैसे ही हैं, जैसी हमने उम्मीद की थी। हमें भरोसा है कि एनडीए भारी अंतर से जीतेगा।



# भारत में काम करते हैं और हमने अमेरिका में किसी लॉबिंग फर्म की सेवा नहीं ली

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कांग्रेस के आरोप को सिरे से किया खारिज

नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कांग्रेस के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि आरएसएस ने अमेरिका में अपने हितों को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की आधिकारिक लॉबिंग इकाइयों में से एक की सेवा ली है। पार्टी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि संघ ने राष्ट्रीय हित के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस के दावे को खारिज करते हुए आरएसएस के राष्ट्रीय मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि आरएसएस भारत में काम करता है और उसने अमेरिका में किसी लॉबिंग फर्म की सेवा नहीं ली है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने स्वीकार किया था कि आरएसएस एक पंजीकृत संगठन नहीं है और यह करों का भुगतान नहीं करता है। जयराम ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट में लिखा था कि अब हमें पता चला है कि आरएसएस ने अमेरिका में अपने हितों को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की आधिकारिक लॉबिंग इकाइयों में से एक अमेरिकी विधि कंपनी 'स्क्वॉयर पैटन बोग्स' की सेवा लेने के लिए काफी धनराशि खर्च की है।



# चुनाव आयोग की वेबसाइट में आई गड़बड़ी, पुष्पम प्रिया की दिखाई बढ़त

## राष्ट्रीय जनता दल के दीपू सिंह के खाते में 2960 वोट, सभी हैरान

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के रुझान आयोग की वेबसाइट पर अपडेट हो रहे हैं। इस बीच साइट पर दिक्कत आ गई, जिसे देखकर लोग हैरान हो गए कि आखिर ऐसा कैसे हुआ। साइट पर पुष्पम प्रिया की प्लुरल्स पार्टी के खाते में भी एक सीट पर बढ़त दिखाई गई। इसके बाद जब उस सीट पर क्लिक किया तो पेज खुलने पर दिखा कि पार्टी के उम्मीदवार सत्यप्रकाश को तो उस वक्त तक सिर्फ 14 वोट ही मिले थे।

वहीं साइट पर राष्ट्रीय जनता दल के दीपू सिंह के खाते में 2960 वोट दिखाए गए, लेकिन उनकी बढ़त जीरो थी। इसके अलावा सबसे आगे चलने वाले दीपू सिंह समेत ज्यादातर कैंडिडेट्स के नाम के आगे लॉस्ट लिखा दिख रहा था।




वहीं महज 12 वोट ही पाने वाले अभिषेक कुमार को पीछे दिखाया गया। इस तरह पहले नंबर वाले को हारा हुआ दिखा दिया और तमाम सीटों पर भी कैंडिडेट्स के आगे हार लिख गया, लेकिन 14 वोटों वाले सत्यप्रकाश सबसे आगे दिखाए गए।

चुनाव आयोग में शायद यह किसी तकनीकी गलती या डेटा फीड में समस्या के चलते ऐसा हुआ होगा। यही वजह थी कि कुछ ही देर में यह दिक्कत दूर हो गई। हालांकि ऐसा कुछ और सीटों पर भी दिखा। एकमा सीट पर भी ऐसा ही नजारा दिखा। यहां निर्दलीय जितेंद्र कुमार कन्नौज को बढ़त दिखाई गई, जिनके खाते में सिर्फ 54 वोट दिख रहे थे। इसके अलावा जेडीयू के सबसे आगे चलने वाले उम्मीदवार मनोरंजन सिंह 3175 वोट पाने के बाद भी हारे हुए दिखा दिए गए। इस सीट पर ज्यादातर लोगों को हारा दिखाया गया, जबकि महज 45 और 38 वोट ही पाने वाले उम्मीदवार जवाहर प्रसाद और अभिजीत अभिज्ञान को मुकाबले में दिखाया।

# मोकामा सीट पर दो बाहुबलियों की प्रतिष्ठा दांव पर

## अनंत सिंह के समर्थकों ने लगाए पोस्टर लिखा- जेल का फाटक टूटेगा मेरा शेर छूटेगा

पटना


बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने शुरु हो गए हैं। सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू है। मोकामा विधानसभा सीट पर दो बाहुबलियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। यहां जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह और राजद प्रत्याशी वीणा देवी जो सूरजभान सिंह की पत्नी के समर्थक अपनी-अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं और जश्न की तैयारियों में जुटे हैं।

जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह पूर्व विधायक हैं जो अभी जेल में हैं। इसके बावजूद उनके समर्थकों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। वे पिछले एक हफ्ते से जीत का जश्न मनाने की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी ओर राजद प्रत्याशी वीणा देवी भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। उनके घर पर भी समर्थकों के लिए भोज की तैयारी चल रही है। अनंत सिंह के पटना माल रोड वाले घर पर समर्थकों की भारी भीड़ लगी है। एक बड़ी स्क्रीन भी लगाई है, जिस पर सभी काउंटिंग की खबर देखी जा रही हैं। बाहर एक पोस्टर भी लगा है जिसपर लिखा है जेल का फाटक टूटेगा मेरा शेर छूटेगा। दूसरी तरफ वीणा देवी के डाक बंगला चौराहा स्थित कौशल्या स्टेट में पंडाल लगाया गया है। वहां अभी सन्नाटा पसरा है। वीणा देवी भी अभी कहीं बाहर हैं।




दोनों प्रत्याशियों के समर्थक पटना में जश्न की तैयारियों में जुटे हैं। अनंत सिंह ने मोकामा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपने यहां आमंत्रित किया है। हालांकि उनके पैतृक आवास नदमा और कारगिल मार्केट में सन्नाटा पसरा है, क्योंकि सभी समर्थक पटना में एकत्रित हो रहे हैं। पटना की मोकामा सीट दुलारचंद यादव की हत्या के बाद चर्चाओं में रही। यहां जेडीयू के टिकट से अनंत सिंह मैदान में हैं। उनके सामने आरजेडी के टिकट पर वीणा देवी चुनाव लड़ रही हैं। दुलारचंद की हत्या के मामले में अनंत सिंह जेल में बंद हैं।

संक्षिप्त समाचार



## 10वीं और 12वीं की सीबीएसई परीक्षा 2026 का संभावित टाइम टेबल जारी

**नई दिल्ली** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसई.एनआईसी.इन पर 10वीं और 12वीं की सीबीएसई परीक्षा 2026 का संभावित टाइम टेबल जारी कर दिया है। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का पहला चरण 17 फरवरी से 9 मार्च 2026 के बीच आयोजित होगा, जबकि सीबीएसई 10वीं परीक्षा 2026 का दूसरा चरण 15 मई से 1 जून 2026 के बीच आयोजित होगा। सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026 17 फरवरी 2026 से 9 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षाएँ पेन और पेपर फॉर्मेट में आयोजित की जाएँगी। बोर्ड स्कूलों द्वारा उम्मीदवारों की अंतिम सूची (एलओसी) जमा करने के बाद अंतिम सीबीएसई डेट शीट 2026 कक्षा 10वीं और 12वीं जारी करेगा। सभी छात्रों को सीबीएसई कक्षा 10 टाइम टेबल 2026 चरण 1 परीक्षा देनी होगी। चरण 2 परीक्षा देना वैकल्पिक है। छात्र दोनों परीक्षाओं में अपने सर्वोत्तम अंक बनाए रखने का विकल्प चुन सकते हैं।

## 07 राज्यों की 08 सीटों में हुए उपचुनाव में जम्मू-कश्मीर की नागरोटा में बीजेपी तो मिजोरम की डम्पा सीट पर एमएनएफ ने जीत दर्ज की




**नई दिल्ली** सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव की मतगणना जारी है। इनमें से दो सीटों के रिजल्ट सामने आ गए हैं! इनमें जम्मू-कश्मीर की नागरोटा सीट से भाजपा उम्मीदवार देवयानी राणा ने चुनाव जीत लिया है, जबकि मिजोरम की डम्पा सीट पर एमएनएफ प्रत्याशी डॉ आर ललथंगलियाना ने जीत दर्ज की है! उप चुनाव में राजस्थान के अंता में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद भाया ने सत्ताधारी भाजपा के मोरपाल सुमन पर लगातार बढ़त बनाए रखी है। 07 राज्यों की 08 विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव में रिजल्ट की बात करें तो मिजोरम के डम्पा से मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) प्रत्याशी डॉ. आर ललथंगलियाना ने चुनाव जीत लिया है! इसी प्रकार जम्मू-कश्मीर के नागरोटा विधानसभा सीट में भाजपा उम्मीदवार देवयानी राणा चुनाव जीत गई हैं। ताजा रुझान के अनसुार झारखंड के घाटशिला विधानसभा सीट से पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन पिछड़ गए हैं। यहां पंजाब के तरनतारन विधानसभा सीट पर आप, जम्मू-कश्मीर के बडगाम में महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी, तेलंगाना की जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर कांग्रेस और ओडिशा की नुआपाड़ा विधानसभा सीट में भाजपा प्रत्याशी आगे चल रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति पर जताई चिंता

### मौजूदा स्थिति बेहद गंभीर, वरिष्ठ वकीलों को कोर्ट में वर्चुअली पेश होना चाहिए

**नई दिल्ली** दिल्ली एनसीआर में सांस लेना मुश्किल होता जा रहा है, जहां हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा है कि मौजूदा स्थिति बेहद गंभीर है जिससे सेहत को स्थायी नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वरिष्ठ वकीलों को कोर्ट आने के बजाए वर्चुअली पेश होना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदूरकर की पीठ के समक्ष दूसरे मामलों की सुनवाई चल रही थी। इसी दौरान जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब और गंभीर है। इससे सेहत को स्थाई नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से सुप्रीम कोर्ट में हाइब्रीड सुनवाई हो रही है। अधिकतर वकीलों को वर्चुअल रूप से पेश होना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वैसे हम मास्क लगाकर सभी एहतियात बरतते हैं। इस पर जस्टिस नरसिम्हा में कहा कि खतरा मास्क से भी आगे निकल चुका है। हवा में खतरनाक प्रदूषण का स्तर 300 से काफी आगे जा चुका है। लिहाजा एहतियात भी उसी स्तर के अपनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले पर मुख्य न्यायाधीश से भी बात की जाएगी। शुक्रवार को दिल्ली के लोगों को खतरनाक हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं दिखा और शुक्रवार सुबह 8 बजे एक्युआई 397 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। सुबह 7 बजे एक्युआई 399 था। गुरुवार को शाम 4 बजे दिल्ली का एक्युआई 404 दर्ज किया गया था, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक राजधानी के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों ने शुक्रवार को एक्युआई 400 से भी ऊपर दर्ज किया।

# 6 करोड़ मृतकों के आधार अभी भी सक्रिय, योजनाओं के लाभ में गड़बड़ी की आशंका

## अब तक 1.55 करोड़ मृतकों का डेटा मिला, यूआईडीएआई कर रहा सर्वे

नई दिल्ली

देश में हर नागरिक को आधार नंबर जारी करने की शुरुआत को 15 साल हो चुके हैं। इस दौरान 142 करोड़ से ज्यादा आधार कार्ड जारी हुए, लेकिन 8 करोड़ से ज्यादा धारकों की मौत के बावजूद 1.83 करोड़ कार्ड ही निष्क्रिय हुए हैं। करीब 6 करोड़ मृतकों के आधार अभी भी सक्रिय हैं। इससे बैंक फ्रॉड, फर्जी खातों और सरकारी योजनाओं के लाभ में गड़बड़ी जैसी आशंकाएं बढ़ गई हैं। यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के सीईओ भुवनेश कुमार के मुताबिक भारत के महापंजीयक से अब तक यूआईडीएआई को 1.55 करोड़ मृतकों का डेटा मिला है। नवंबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच 38 लाख और मृतकों की सूची जुड़ी। इनमें 1.17 करोड़ की पहचान हुई है और उनके आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए हैं। प्राधिकरण का अनुमान है कि दिसंबर तक 2 करोड़ कार्ड निष्क्रिय हो जाएंगे।

यूआईडीएआई ने चार महीने पहले वेबसाइट पर मृत्यु सूचना पोर्टल शुरू किया ताकि परिजन मृतक का आधार ऑनलाइन निष्क्रिय करा सकें। अब तक केवल 3,000 लोगों ने जानकारी दर्ज कराई है, जिनमें से 500 मामलों में ही पुष्टि हो सकी और उनके कार्ड निष्क्रिय किए गए हैं। सीईओ ने कहा कि आधार की शुरुआत 2010 में हुई। वहीं, 2016 के बाद से करीब 8 करोड़ आधार धारकों की मृत्यु का अनुमान है। सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम से केवल 25 राज्यों के आंकड़े मिलते हैं। बाकी राज्यों से डेटा जुटाने का काम जारी है।

उन्होंने बताया कि जब आधार जारी होना शुरू हुआ तो देश में सालाना मौतें करीब 56 लाख थीं। बढ़ते-बढ़ते आंकड़ा 85 लाख पहुंच गया। इसलिए हम 2016 से अब तक आठ करोड़ मौत मान रहे हैं। मृत्यु का पंजीकरण अब भी बेहद कैजुअल है। करीब 48 लाख नामों का मिलान नहीं हो पाया है।




# भारतीय सिख श्रद्धालुओं के जत्थे से एक महिला लापता, भारत सरकार ने जांच शुरु की

अमृतसर

पाकिस्तान दर्शन के लिए गए भारतीय सिख श्रद्धालुओं के जत्थे से एक महिला के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। कपूरथला निवासी सरबजीत कौर 1932 श्रद्धालुओं के साथ 4 नवंबर को अटारी बॉर्डर के द्वारा पाकिस्तान गई थीं।

लेकिन 10 दिन बाद लौटे जत्थे में उनकी गैरमौजूदगी का मामला सामने आया है। इमिग्रेशन फॉर्म में उनकी राष्ट्रीयता और पासपोर्ट नंबर खाली मिलने से संदेह और बढ़ गया है। भारतीय एजेंसियों ने मामला गंभीर मानकर जांच शुरू कर पाकिस्तान स्थित अधिकारियों से संपर्क किया है।

महिला की पहचान सरबजीत कौर, निवासी पिंड अमैनीपुर, जिला कपूरथला (पंजाब) के रूप में हुई है। सरबजीत कौर 4 नवंबर को श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के मौके पर 1932 श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ अटारी बॉर्डर के जरिए पाकिस्तान गई थी। जत्था 10 दिनों तक विभिन्न गुरुधामों के दर्शन करने के बाद भारत लौट आया, लेकिन वापसी के समय 1922 श्रद्धालु ही लौटे। सरबजीत कौर जत्थे में शामिल नहीं मिलीं।

भारत लौटने से पहले श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज, चार अन्य सदस्य और तीन महिलाएं-जिनके घरों में कोई बीमार था, पहले ही लौट आए थे। लेकिन सरबजीत कौर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर उनके लापता होने की पुष्टि हुई।



सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पाकिस्तानी इमिग्रेशन पर भरे गए फॉर्म में सरबजीत ने अपनी राष्ट्रीयता और पासपोर्ट नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां खाली छोड़ दी थीं। इससे उनकी पहचान और ट्रैकिंग में मुश्किलें बढ़ गई हैं।